Regarding request to stop job outsourcing and give preference to local residents of Jammu and Kashmir

श्री अब्दुल रशीद शेख **(बारामूला) :** जगदम्बिका पाल जी को इतना कहना चाहता हूं कि जैसे मैं तिहाड़ जेल से कॉन्स्टीटुएंसी बचाता हूं, वैसे ही आप भी बचाइए । मेरी यह गुजारिश है कि जम्मू-कश्मीर में हजारों ट्रक ड्राईवर, ट्रैक्टर वाले, मजदूर, माइनिंग में काम करते हैं । चाहे हमारे नदी-नाले हैं या क्वारीज़ हैं, स्टोन मिल्स हैं ।

लेकिन बदकिस्मती से पिछले कुछ टाइम से उसको आउटसोर्स किया गया है । राज्य सरकार से कहते हैं तो वह कहते हैं कि हमारी पास कुछ नहीं है, एलजी साहब के पास है । मेरी आपसे गुजारिश है कि मेहरबानी करके इस विषय को देखें । वहां सरकारी नौकरियां नहीं हैं और हजारों लोगों का रोजगार नदी-नालों पर है, माइंस पर है । जम्मू-कश्मीर के लोकल लोगों को प्रेफरेंस दिया जाए, उसको आउटसोर्स न किया जाए ताकि वहां के पढ़े-लिखे बेरोजगार लोग, जो नदी-नालों में काम करते हैं, जो क्वैरीज़ में काम करते हैं, उनको रोजगार मिले । इस वक्त वहां हाहाकार मची है । उनकी कोई सुनवाई नहीं है । Please, for god sake convey this to the Government.